**<u>आवेदकों के केस के लिए अपील दायर करना</u>**

1. शराब के लाइसेंस के आवेदन को खारिज कर देने (जिसमें निम्न में से कोई भी शामिल है: एक नए लाइसेंस, अधिकारीयों में परिवर्तन, स्थान परिवर्तन, प्रबंधन/स्वामित्व में परिवर्तन के आवेदन को ख़ारिज करना, या नवीनीकरण से इनकार) के खिलाफ एक अपील व्यापार मामला और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी किए गए इनकार पत्र की तारीख के बीस (20)* दिनों के अंदर (लाइसेंस अपील आयोग के समक्ष दायर की जानी चाहिए। **इनकार पत्र की तारीख के बीस (20)* दिनों के अंदर अपील दायर करने में विफल रहने पर परिणामस्वरूप इनकार के खिलाफ आपके अपील करने की क्षमता खत्म हो जाएगी।** (कृपया ध्यान दें: लाइसेंस अपील आयोग शिकागो शहर के कानून विभाग द्वारा जारी आधिकारिक छुट्टियों की अनुसूची का पालन करता है)।

2. शराब लाइसेंस के लिए किए गए आवेदन को व्यापार मामला और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा शराब लाइसेंस के लिए इनकार किए जाने पर अपील दायर करने के लिए आवेदक को लाइसेंस अपील आयोग के समक्ष कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

   ए) आवेदक को अपील की सूचना दर्ज करनी होगी (दस्तावेजों के अंतर्गत अपील की सूचना देखें)।

   बी) व्यापार मामला और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी शराब लाइसेंस के लिए आवेदन के इनकार के पत्र की एक प्रति आपकी अपील की सूचना के साथ शामिल की जानी चाहिए।

   सी) POS (प्वाइंट ऑफ सेल) का चालान जिसमें $125 का फाइलिंग शुल्क दर्शाया गया था का भुगतान किया गया। अगर यह नवीनीकरण से इनकार है, तो यह सबूत भी आवश्यक है कि सभी जरूरी लाइसेंस शुल्क का भुगतान आज तक की तारीख में कर दिया गया है।

3. अपील करने के लिए आवेदक को वित्त विभाग को $125.00 के फाइलिंग शुल्क का भुगतान करना होगा। POS चालान फॉर्म अब हमारे विभाग की वेबसाइट www.cityofchicago.org/lac पर उपलब्ध है। फॉर्म डाउनलोड करें और शिकागो शहर के किसी भी भुगतान केंद्र में शुल्क का भुगतान करें। एक रसीद जो दर्शाती है कि शुल्क का भुगतान किया जा चुका है, उसे लाइसेंस अपील आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इस रसीद के बिना कोई भी अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

4. आवेदक को ऐसे किसी भी मामले का कानून या अधिनियम भी शामिल करना चाहिए जिसके आधार पर लाइसेंस-धारक व्यापार मामला और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के फैसले को उलटने के लिए अपनी दलीलें पेश कर सके।

5. ऐसे किसी भी शराब लाइसेंस-धारक को जो स्थानीय शराब नियंत्रण आयोग के नवीनीकृत करने से इनकार करने के फैसले के खिलफ अपील करता है, राज्य के कानून द्वारा अपील के लंबित रहने के दौरान अपने शराब लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करने और वर्तमान में जारी रखने की

जरूरत होती है। कोई भी शराब लाइसेंस-धारक जो लाइसेंस अपील आयोग के समक्ष नवीनीकृत करने से इनकार कनरे के फैसले के खिलाफ अपील करता है, उसे प्रमाण दिखाना होगा कि लाइसेंस नवीनीकरण के संपूर्ण शुल्क का भुगतान आज की तारीख में किया जा चुका है। शराब लाइसेंस-धारकों को सिटी हॉल के कमरा 107 में शिकागो शहर के वित्त विभाग में अपने नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा और एक रसीद प्राप्त करनी होगी। भुगतान की गई लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क रसीद, साथ ही एक नई अपील के लिए फाइलिंग शुल्क के भुगतान को दर्शाने वाली रसीद, लाइसेंस अपील आयोग के समक्ष अपील दायर करने के लिए एक आवश्यक शर्त के रूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

*दिन = कैलेंडर दिन। अगर नियत तारीख शनिवार, रविवार, या अदालत की छुट्टी के दिन आती है, तो नियत तारीख अगली व्यावसायिक तारीख के दिन मानी जाएगी।

**<u>शराब के लाइसेंस की एक अपील दायर करने के लिए आवश्यकताएँ</u>**

<u>(आवेदन की अस्वीकृति)</u>

**Michelle.Guzman-Flores@cityofchicago.org पर ईमेल करके इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दायर करने को प्राथमिकता दी जाती है।**
**अगर ईमेल करना नामुमकिन है, तो कृपया व्यक्तिगत रूप से अपील दायर करने की व्यवस्था करने के लिए 312—744—4095 पर कॉल करें।** अपील को दायर करने के लिए स्वीकार किए जाने से पहले निम्नलिखित दस्तावेजों को शामिल करना जरूरी है । नीचे दिए गए किसी भी दस्तावेज को जमा करने में विफल रहने पर परिणामस्वरूप फाइलिंग को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

- अपील का नोटिस
- बीएसीपी द्वारा जारी किया गया इनकार पत्र
- उपस्थिति प्रपत्र
- फाइलिंग शुल्क के रसीद की एक प्रति। POS चालान फॉर्म अब हमारे विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। फॉर्म को डाउनलोड करें और शिकागो शहर के किसी भी भुगतान केंद्र में शुल्क का भुगतान करें। नवीनीकरण में अप टू डेट लाइसेंस शुल्क के भुगतान शामिल हैं।

ऊपर दिए गए प्रपत्र हमारी वेबसाइट (www.cityofchicago.org/lac) पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं या आप हमारे कार्यालय से Michelle.Guzman-Flores@cityofchicago.org पर ईमेल करके या 312-744-4095 पर कॉल करके हार्ड कॉपी लेने के लिए समय की व्यवस्था कर सकते हैं। अगर आप हार्ड कॉपी का अनुरोध कर रहे हैं, तो अग्रिम रूप से (शनिवार, रविवार या अदालत की छुट्टियों को छोड़कर) कम से कम पांच (5) व्यावसायिक दिन पहले कॉल या ईमेल करने की सख्ती से अनुशंसा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हार्ड कॉपी लेने के लिए समय की व्यवस्था की जा सके। कृपया ध्यान रखें कि हमारे कार्यालय में अपील दायर करने से पहले आपको शिकागो शहर के किसी भी भुगतान केंद्र से POS चालान फॉर्म लेने, फाइलिंग शुल्क का भुगतान करने और रसीद प्राप्त करने के लिए समय की जरूरत होगी।

# <u>शराब के लाइसेंस की एक अपील दायर करने के लिए आवश्यकताएँ</u>

(सिर्फ नवीनीकरण के अपील से इनकार)

**Michelle.Guzman-Flores@cityofchicago.org पर ईमेल करके इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दायर करने को प्राथमिकता दी जाती है।**

**अगर ईमेल करना नामुमकिन है, तो कृपया व्यक्तिगत रूप से अपील दायर करने की व्यवस्था करने के लिए 312—744—4095 पर कॉल करें।** अपील को दायर करने के लिए स्वीकार किए जाने से पहले निम्नलिखित दस्तावेजों को शामिल करना जरूरी है। नीचे दिए गए किसी भी दस्तावेज को जमा करने में विफल रहने पर परिणामस्वरूप फाइलिंग को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

- अपील का नोटिस
- BACP द्वारा जारी किया गया नवीनीकरण से इनकार करने का पत्र
- उपस्थिति प्रपत्र
- फाइलिंग शुल्क के रसीद की एक प्रति। POS चालान फॉर्म अब हमारे विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। फॉर्म को डाउनलोड करें और शिकागो शहर के किसी भी भुगतान केंद्र में शुल्क का भुगतान करें।
- शराब लाइसेंस-धारकों को यह प्रमाण दिखाना होगा कि **सभी लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क** का भुगतान आज की तारीख तक किया गया है। लाइसेंस-धारकों को सिटी के कमरा नंबर 107 में शिकागो शहर के वित्त विभाग में अपने नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा। कृपया इस रसीद की एक प्रति शामिल करें।

ऊपर दिए गए प्रपत्र हमारी वेबसाइट (www.cityofchicago.org/lac) पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं या आप हमारे कार्यालय से Michelle.Guzman-Flores@cityofchicago.org पर ईमेल करके या 312-744-4095 पर कॉल करके हार्ड कॉपी लेने के लिए समय की व्यवस्था कर सकते हैं। अगर आप हार्ड कॉपी का अनुरोध कर रहे हैं, तो अग्रिम रूप से (शनिवार, रविवार या अदालत की छुट्टियों को छोड़कर) कम से कम पांच (5) व्यावसायिक दिन पहले कॉल या ईमेल करने की सख्ती से अनुशंसा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हार्ड कॉपी लेने के लिए समय की व्यवस्था की जा सके। कृपया ध्यान रखें कि हमारे कार्यालय में अपील दायर करने से पहले

आपको शिकागो  शहर के किसी भी भुगतान केंद्र में POS चालान फॉर्म लेने, फाइलिंग शुल्क का भुगतान करने और रसीद प्राप्त करने के लिए समय की जरूरत होगी।